तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर तारीख जो इस तामिल में ज
27.05.2026	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता अनुपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। हस्तगत पत्रावली दिनांक 19.03.2024 को न्यायालय हाजा को स्थानांतरित के बाद पक्षकारान/वकुलाय को सूचित किया गया। न्यायालय हाजा को स्थानांतरित होने बाद अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा दिनांक 21.05.2024 को न्यायालय हाजा में प्रकरण में पैरवी हेतु उपस्थिति दी गई। दिनांक 30.06.2025 के द्वारा अप्रार्थी संख्या 01 के कायम मुकाम की तलबी हेतु तलबाना मय नोटीस पेश करने के आदेश दिये गये, किन्त उक्त आदेश के अनुपालनार्थ प्रार्थी पक्ष को पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए, किन्तु आज दिनांक तक प्रार्थी अथवा उसके अधिवक्ता द्वारा आवश्यक तलबाना प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्रार्थी पक्ष द्वारा अप्रार्थी संख्या 01 की तामील हेतु आवश्यक कार्यवाही नहीं किए जाने से यह स्पष्ट है कि वह प्रकरण के संचालन के प्रति उदासीन है। न्यायालय द्वारा प्रदत्त पर्याप्त अवसरों के उपरान्त भी तामील संबंधी आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। अतः आदेश 09 नियम 5 सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के प्रावधानों के अन्तर्गत अप्रार्थी संख्या 01 कायम मुकाम के विरुद्ध आवश्यक तामील कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाली, जिला-पाली	